कार्यालय अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.)

ई –मेल : deanshivpuri@gmail.com वेबसाईट : http://shivpurimedicalcollege.com

क्रमांक 2958 / स्था. / 2021: शिवपुरी, दिनाक 18/03/2021

//संशोधित विज्ञप्ति सूचना//

"स्वशासी समिति द्वारा उप रजिस्ट्रार, अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल सहायक प्रबंधक एवं बायोमेडिकल इंजीनियर की निश्चित वेतन पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति"

1. म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन कमांक एफ 4–19/2017/55–2 भोपाल दिनांक 04.10.2018 द्वारा शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुदृढीकरण एवं संचालक, चिकित्सा शिक्षा म.प्र. के पत्र कमांक 6309–319/स्था/राज/2018 भोपाल दिनांक 27.12.2018 के द्वारा प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी म.प्र. द्वारा गैर शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 में उल्लेखित गैर–शैक्षणिक संवर्ग के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी में अस्पताल प्रबंधन के लिए निम्नलिखित रिक्त पदों पर अभ्यार्थियों के आवेदन प्राप्त कर प्रत्येक संवर्ग के वैटेज अंको के आधार पर प्रवीण्य सूची एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से तैयार की जानी है। इस हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन की वेबसाइट www.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

2. आवेदन संबधित समय तालिका :–

कमांक	गतिविधि	तारीख
1	ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि	15.03.2021 रात्रि 12:00 बजे से
2	ऑनलाईन आवेदन की जमा करने की अंतिम तिथि	30.03.2021 रात्रि 11:59 बजे तक

3. विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा निर्धारित वेटेज के आधार पर कुल 80 अंको में से प्रवीणीय सूची बनाई जायेगी जो की उनके द्वारा प्राप्त अंको के वेटेज अनुसार पद वार व श्रेणी वार तैयार की जावेगी। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एवं साक्षात्कार आयोजित किया जावेगा।

4. उपरोक्त तिथियां शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की आवश्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकती है। यह उम्मीदवारों के में है कि वे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की वेबसाईट http://shivpurimedicalcollege.com एवं एम.पी. ऑनलाईन की वेबसाईट www.mponline.govt.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों पर ध्यान देवें। इस संबंध में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की कोई जवाबदारी नहीं होगी। यदि आवेदक समय–समय पर महाविद्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं दिशानिर्देशों के का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नहीं की जावेगी। परन्तु इसके पश्चात् भी यदि अभ्यार्थी द्वारा असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में दी जाती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक की अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी

Scanned with CamScanner